हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।

अंकेक्षण अवधि 4/99 से 3/2000.

भाग-एक.

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित निपटाए गए तथा लम्बित पड़े पैरों का विवरण निम्न दिया जाता है। अनिर्णीत पड़े पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

(क) अवधि 4/84 से 3/85 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. पैरा | 4(1) | अनिर्णीत |

(ख) अवधि 4/86 से 3/87 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. पैरा | 5(ई) | निर्णीत |

(ग) अवधि 4/87 से 3/88 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. पैरा | 5(ए)(1) | निर्णीत |
| 2. पैरा | 5(क्यू) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा | 6(डी) | अनिर्णीत |

(घ) अवधि 4/89 से 3/90 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. पैरा | 4(सी) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा | 7(ई) | निर्णीत |
| 3. पैरा | 5(1,2,5,7 व 8) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा | 5(11, 12) | निर्णीत |
| 5. पैरा | 6(3) | निर्णीत |
| 6. पैरा | 7(2)(सी से एफ) | अनिर्णीत |
| 7. पैरा | 7(3)(ए)(2) | निर्णीत |
| 8. पैरा | 8(6 व 17) | निर्णीत |

.....2....

-85-



अवधि 4/90 से 3/91 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

1. पैरा 4(10)(ग) निर्णीत
2. पैरा 4(12) अनिर्णीत
3. पैरा 6(5) अनिर्णीत
4. पैरा 9(6) अनिर्णीत
5. पैरा 9(8) निर्णीत

अवधि 4/91 से 3/92 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-

1. पैरा 5(घ) निर्णीत
2. पैरा 7(क) अनिर्णीत
3. पैरा 10(ग) निर्णीत
4. पैरा 11(घ) निर्णीत

अवधि 4/92 से 3/93 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

1. पैरा 4 अनिर्णीत
2. पैरा 6(ए) व (बी) अनिर्णीत

अवधि 4/93 से 3/94 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

1. पैरा 8 अनिर्णीत
2. पैरा 9 निर्णीत
3. पैरा 21 निर्णीत

अवधि 4/94 से 3/95 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

1. पैरा 5 अनिर्णीत
2. पैरा 6 अनिर्णीत
3. पैरा 7 अनिर्णीत
4. पैरा 9 निर्णीत
5. पैरा 10 निर्णीत
6. पैरा 11 अनिर्णीत

| | | |
|---|---|---|
| 7. पेरा | 12 | अनिर्णीत |
| 8. पेरा | 13 | निर्णीत |
| 9. पेरा | 16 | निर्णीत |
| 10. पेरा | 24 | अनिर्णीत |
| 11. पेरा | 26 | अनिर्णीत |
| 12. पेरा | 31 | अनिर्णीत |
| 13. पेरा | 32 | निर्णीत |
| 14. पेरा | 33 | अनिर्णीत |
| 15. पेरा | 34 | निर्णीत |
| 16. पेरा | 35 | निर्णीत |
| 17. पेरा | 41 | निर्णीत |
| 18. पेरा | 42 | निर्णीत |
| 19. पेरा | 44 | अनिर्णीत |
| 20. पेरा | 46 | निर्णीत |

अवधि 4/95 से 3/96 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. पेरा | 6 | अनिर्णीत |
| 2. पेरा | 7 | निर्णीत |
| 3. पेरा | 8(क)(1 से 4) | निर्णीत |
| 4. पेरा | 15 | निर्णीत |
| 5. पेरा | 17 | अनिर्णीत |
| 6. पेरा | 18 | अनिर्णीत |
| 7. पेरा | 19(क)(ख)(ङ) | अनिर्णीत |
| 8. पेरा | 20(घ) | अनिर्णीत |
| 9. पेरा | 24 | निर्णीत |
| 10. पेरा | 27 | अनिर्णीत |
| 11. पेरा | 28(ग) | अनिर्णीत |
| 12. पेरा | 29(क) | अनिर्णीत |
| | 29(ख) | निर्णीत |
| 13. पेरा | 30(क) | निर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 14. पैरा | 31 | अनिर्णीत |
| 15. पैरा | 34 | अनिर्णीत |
| 16. पैरा | 35 | निर्णीत |
| 17. पैरा | 37 | निर्णीत |
| 18. पैरा | 42 | निर्णीत |
| 19. पैरा | 43 | निर्णीत |
| 20. पैरा | 45 | निर्णीत |
| 21. पैरा | 47 | निर्णीत |
| 22. पैरा | 52 | अनिर्णीत |

अवधि 4/96 से 3/97 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. पैरा | 6(क,ग,छ,ज,झ, ञ,ट,ठ,ड) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा | 7(ङ) | निर्णीत |
| | 7(च) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा | 9 | अनिर्णीत |
| 4. पैरा | 11 | अनिर्णीत |
| 5. पैरा | 12(घ,च) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा | 16 | अनिर्णीत |
| 7. पैरा | 44 | अनिर्णीत |
| 8. पैरा | 45 | अनिर्णीत |
| 9. पैरा | 48(क) | निर्णीत |
| 10. पैरा | 54 | निर्णीत |
| 11. पैरा | 56 | निर्णीत |
| 12. पैरा | 57 | अनिर्णीत |
| 13. पैरा | 58 | निर्णीत |
| 14. पैरा | 59 | अनिर्णीत |

अवधि 4/97 से 3/98 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पैरा | 6 | निर्णीत |
| 2. | पैरा | 8(क),(ङ.) | निर्णीत। रु0 14728 की वसूली की पुष्टि की गई। |
| 3. | पैरा | 12(ग) | अनिर्णीत |
| 4. | पैरा | 13 | अनिर्णीत |
| 5. | पैरा | 14(ख,ग,घ) | अनिर्णीत |
| 6. | पैरा | 15 | अनिर्णीत |
| 7. | पैरा | 17 | अनिर्णीत |
| 8. | पैरा | 20 | निर्णीत |
| 9. | पैरा | 21(क) | निर्णीत |
| 10. | पैरा | 22 | अनिर्णीत |
| 11. | पैरा | 24 | निर्णीत। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की पुष्टि की गई। |
| 12. | पैरा | 25 | अनिर्णीत |
| 13. | पैरा | 29 | अनिर्णीत |
| 14. | पैरा | 30(ङ),(च)(थ) | अनिर्णीत |
| 15. | पैरा | 31 | अनिर्णीत |
| 16. | पैरा | 38 | निर्णीत |

अवधि 4/98 से 3/99 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पैरा | 4 | निर्णीत। इस प्रतिवेदन में अग्रिम की नवीनतम स्थिति दर्शाई गई है। |
| 2. | पैरा | 5 | निर्णीत- यथोपरि- |
| 3. | पैरा | 6(क)(ख) | निर्णीत-यथोपरि- |
| 4. | पैरा | 7(क) | निर्णीत |
| 5. | पैरा | 7(ख) | निर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 6. पैरा | 7(ग) | निर्णीत |
| 7. पैरा | 7(घ) | अनिर्णीत |
| 8. पैरा | 8(क) | निर्णीत। नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण रिपोर्ट में प्रारूपित । |
| 9. पैरा | 8(ख) | निर्णीत |
| 10. पैरा | 9(क) | निर्णीत |
| 11. पैरा | 9(ख) | निर्णीत |
| 12. पैरा | 10 | अनिर्णीत |
| 13. पैरा | 11(क) | निर्णीत |
| 14. पैरा | 11(ख) | अनिर्णीत |
| 15. पैरा | 11(ग) | निर्णीत |
| 16. पैरा | 12(क) | अनिर्णीत |
| 17. पैरा | 12(ख) | निर्णीत |
| 18. पैरा | 12(ग) | निर्णीत |
| 19. पैरा | 12(घ) | निर्णीत |
| 20. पैरा | 13(क) | अनिर्णीत |
| 21. पैरा | 13(ख) | निर्णीत |
| 22. पैरा | 13(ग) | निर्णीत |
| 23. पैरा | 13(घ) | निर्णीत |
| 24. पैरा | 14 | निर्णीत |
| 25. पैरा | 15 | निर्णीत |
| 26. पैरा | 16 | निर्णीत |
| 27. पैरा | 17(क) | निर्णीत |
| 28 पैरा | 17(ख) | निर्णीत |
| 29. पैरा | 18 | निर्णीत |
| 30 पैरा | 19 | अनिर्णीत |
| 31. पैरा | 20 | निर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 32. पैरा | 21{क} | निर्णीत |
| 33. पैरा | 21{ख} | निर्णीत |
| 34. पैरा | 22 | अनिर्णीत |
| 35. पैरा | 23 | अनिर्णीत |
| 36 पैरा | 24 | निर्णीत |
| 37. पैरा | 25 | निर्णीत |
| 38. पैरा | 26 | निर्णीत |
| 39. पैरा | 27 | अनिर्णीत। |
| 40. पैरा | 28{क} | अनिर्णीत |
| 41. पैरा | 29{ख} | निर्णीत |
| 42. पैरा | 29 | निर्णीत |
| 43. पैरा | 30 | निर्णीत |
| 44. पैरा | 31 | निर्णीत. |
| 45. पैरा | 32{क} | निर्णीत |
| 46. पैरा | 32{ख} | निर्णीत |
| 47. पैरा | 33 | अनिर्णीत |
| 48. पैरा | 34 | निर्णीत |
| 49. पैरा | 35{क} | निर्णीत। अधिक भुगतान की राशि अवधि 2/2000 तक रु0 3112/ रु0 की वसूली की पुष्टि की गई। |
| 50. पैरा | 35{ख} | निर्णीत |
| 51. पैरा | 35{ग} | निर्णीत |
| 52. पैरा | 36 | निर्णीत |
| 53. पैरा | 37 | निर्णीत |
| 54. पैरा | 38 | निर्णीत |
| 55. पैरा | 39 | निर्णीत। |

-95

## भाग-दो.

2. **वर्तमान अंकेक्षण :-**

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड मण्डल, धर्मशाला जिला कांगड़ा के अवधि 4/99 से 3/2000 तक के लेखाओं का वर्तमान लेखा परीक्षण श्री रणबीर कुमार (अनुभाग अधिकारी) व श्री विरेन्द्र कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा श्री अनिल शर्मा (सहायक निदेशक) के पर्यवेक्षण में दिनांक 17.7.2000 से 24.9.2000 तक धर्मशाला में किया गया। मास 9/99 व 3/2000 के लेखाओं का चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया। अंकेक्षण के परिणामों को आगामी अनुच्छेदों में समाविष्ट किया जाता है ।

3. **अंकेक्षण शुल्क :-**

वर्ष 1999-2000 के लेखाओं के अंकेक्षण शुल्क के सम्बन्ध में आवास बोर्ड मुख्यालय से पृथक से अनुरोध किया जाएगा ।

4. **कर्मचारी वर्ग को अग्रिम :-**

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला के अधीन कार्यरत विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम रु0 17674/-रु0 अग्रिमों की राशियां 31.3.2000 को समायोजन हेतु बकाया पड़ी थी, जिनका पूर्ण विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखाओं में वर्णित है। अग्रिम राशियों को समय पर वसूल न करने की स्थिति को बोर्ड के उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार शीघ्र की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

| क्रम सं0 | अग्रिम का विवरण | अग्रिम की राशि |
|---|---|---|
| 1. | स्थानान्तरण यात्रा अग्रिम | 490.00 |
| 2. | यात्रा अग्रिम | 3150.00 |
| 3. | वेतन अग्रिम | 4672.00 |
| 4. | स्टाफ अग्रिम | 9362.00 |
| | कुल | 17674.00 |

-93-

5. **विविध अग्रिम :-**

मु0 18,15,165.58 रु0 की धन राशि दिनांक 31.3.00 को विविध अग्रिम के रूप में विभिन्न विभागों, फर्मों, संस्थाओं तथा कर्मचारियों के विरुद्ध समायोजन के लिए बकाया पड़ी थी। जिसका विवरण हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड के वार्षिक लेखाओं में दिया गया है। उपरोक्त अग्रिमों की समय पर वसूली न करने की स्थिति बहुत ही चिन्ताजनक है क्योंकि शेष अग्रिम राशियों से अपने पास बिना किसी प्रयोजन से रखने का कोई भी औचित्य प्रतीत नहीं होता है। इन राशियों की समय रहते साथ-2 वसूली की जानी अपेक्षित थी परन्तु लेखा परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इन राशियों की वसूली हेतु कोई भी ठोस पग तथ्य अधिकारियों द्वारा नहीं उठाए जा रहे हैं। अतः इन राशियों की वसूली बारे ठोस पग शीघ्र उठाए जाएं तथा अनुपालना की जाँच आगामी निरीक्षण के दौरान करवाई जाए।

6. **आवास बोर्ड बस्ती पालमपुर तथा कांगड़ा के मकान/प्लाट मालिकों से मार्च,2000 तक मु0 10,41,332.00 रु0 की बस्तियों के रख-रखाव प्रभार के रूप में वसूली न करना :-**

आवास बोर्ड की पालमपुर तथा कांगड़ा की बस्तियों के मालिकों से प्राप्त होने वाले रख रखाव प्रभार की मु0 10,41,332.00 रु0 की राशि वसूली हेतु अपेक्षित है जिसकी वसूली हेतु मण्डल स्तर पर प्रयास किए जाने आवश्यक है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित उप मण्डलों को इन प्रभारों की वसूली बारे दिशा निर्देश दिए जाएं। मण्डल कार्यालय में किसी वित्तीय वर्ष में कितनी वसूलियाँ की गई व कितनी वसूलियाँ शेष है, का पूर्ण अभिलेख खातों में दर्ज करना भी अपेक्षित है तथा यह सूचना वार्षिक लेखाओं में दर्ज करना भी अनिवार्य है क्योंकि सम्पूर्ण "लेनदारों" व देनदारों की वास्तविक स्थिति तभी परिलक्षित हो सकती है।

उप मण्डल पालमपुर तथा धर्मशाला द्वारा रखे गए रख रखाव प्रभार खातों की जाँच के दौरान यह पाया गया कि

दिनांक 31.3.2000 तक पालमपुर एवं कांगड़ा की बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से इस प्रभार को लागू करने की तिथि से अंतिम अवधि तक किसी भी प्रकार की राशि की वसूली नहीं की गई थी। अभिलेख की छानबीन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि इतनी बड़ी राशियों को वसूल करने के लिए विभागीय स्तर पर कोई भी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। अतः शेष प्रभार की राशियों की वसूली हेतु उचित कार्यवाही शीघ्र की जाए।

दिनांक 31.3.2000 तक पालमपुर तथा कांगड़ा की बस्तियों के रख रखाव प्रभार राशि की शेष वसूलियों का विवरण निम्न प्रकार था :-

(क) आवास बस्ती कांगड़ा :-

| क्रसं0 | आबंटी का नाम | प्लाट/मकान सं0 | बकाया/शेष राशि रु0. |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मधु सुदन भारद्वाज | एच.आई.जी.-2 | 1561.00 |
| 2. | अधिशासी अभियन्ता (पी एवं आर) एच.पी पी. डब्लू. डी मण्डल कांगड़ा। | एच.आई.जी. 3,7, 8,9,10,11,12,13 | 48232.00 |
| 3. | श्रीमति रेणु रानी खुराना। | --यथोपरि-- 14 | 2958.00 |
| 4. | श्री विश्वामित्र शर्मा | -"- 15 | 797.000 |
| 5. | श्री एस.पी.शर्मा | -"- 16 | 797.00 |
| 6. | श्री राजेश महाजन | -"- 18 | 4593.00 |
| 7. | श्री एन.एल.शर्मा | एच.आई.जी-i-21 | 122.00 |
| 8. | श्री सतीश कुमार | -"- 23 | 919.00 |
| 9. | श्री एम.एल.शर्मा | -"- 26 | 156.00 |
| 10. | श्री एस.के.चौधरी | -"- 28 | 5865.00 |
| 11. | श्रीमति रेखा कुमारी | -"- 29 | 913.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | श्री एस.सी. गुप्ता | एच.आई.जी.-1-30 | 1737.00 |
| 13. | श्री गोपाल कृष्ण | -यथोपरि- 33 | 1233.00 |
| 14. | श्री वी.एम. भार्गव | -"- 35 | 1138.00 |
| 15. | श्री ए.एस. माथुर | -"- 37 | 3420.00 |
| 16. | श्री ज्ञान सिंह | -"- 38 | 797.00 |
| 17. | श्री आर.के.सूद | -"- 40 | 940.00 |
| 18. | श्री केसी. भारद्वाज | -"- 42 | 919.00 |
| 19. | श्री सुरेन्द्र कुमार | -"- 43 | 1737.00 |
| 20. | श्री रामानन्द शर्मा | -"- 45 | 4593.00 |
| 21. | श्री संजीव कुमार | -"- 46 | 1148.00 |
| 22. | ले0 कर्नल के.के. दुग्गल | -"- 47 | 3512.00 |
| 23. | श्री ललित खन्ना | -"- 48 | 1737.00 |
| 24. | श्री मति वीर प्यारी शर्मा. | -"- 49 | 4593.00 |
| 25. | श्री एस.आर. शर्मा | -"- 51 | 797.00 |
| 26. | श्री संजीव हाण्डा | -"- 54 | 6267.00 |
| 27. | श्री मोहन लाल | एच.आई.जी.-2-58 (एल.आई.जी.) | 1170.00 |
| 28. | ले0कर्नल ए.एल. अरोड़ा | -"- 59 | 572.00 |
| 29. | श्री नरेन्द्र कुमार | -"- 63 | 2808.00 |
| 30. | श्रीमति कन्चन शर्मा | -"- 64 | 76.00 |
| 31. | श्रीमति सरिता थापर | -"- 65 | 2808.00 |
| 32. | श्रीमति विजय लक्ष्मी | -"- 66 | 2123.00 |
| 33. | श्री मोहिन्द्र सिंह | -"- 71 | 2808.00 |
| 34. | श्री विनोद कुमार | -"- 72 | 2808.00 |
| 35. | श्रीमति ऊषा आहूजा | -"- 74 | 2808.00 |
| 36. | श्रीमति विमला देवी | -"- 83 | 2279.00 |
| 37. | श्री विनय प्रकाश | -"- 84 | 572.00 |
| 38. | श्री अविनाश कुमार | -"- 86 | 2808.00 |

...12..

-95-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 39. श्री विनोद कुमार | एच. आई. जी. फ्लैट नं. -1. | | 2490.00 |
| 40. श्री कन्हैया लाल | -यथोपरि- | 4 | 959.00 |
| 41. श्री वेद प्रकाश चौधरी | -"- | 5 | 440.00 |
| 42. श्री राजेन्द्र कुमार | -"- | 7 | 959.00 |
| 43. श्री प्रदीप राज | -"- | 8 | 2490.00 |
| 44. श्री मोहन लाल | -"- | 9 | 2490.00 |
| 45. श्री दलीप कुमार | -"- | 10 | 959.00 |
| 46. श्रीमति जनक चावला | -"- | 11 | 134.00 |
| 47. श्री सुनील वासुदेवा | -"- | 12 | 440.00 |
| 48. श्री विजय कुमार | -"- | 12-ए | 959.00 |
| 49. श्रीमति सुदर्शन रानी | -"- | 40 | 440.00 |
| 50 श्री कंवल मोगरा | -"- | 41 | 959.00 |
| 51. श्रीमति मन्जु ग्रोवर | -"- | 43 | 2490.00 |
| 52. श्री रणजीत शर्मा | -"- | 44 | 514.00 |
| 53. ई. ई. (एच. पी. पी. डब्ल्यू. डी) (बी एण्ड आर) मण्डल कांगड़ा । | फ्लैट नं0 6, 14 से 37, 39, 42, 45से 48. | | 60654.00 |
| 54. श्रीमति चन्द्र कान्ता | एल. आई. जी. मकान नं0 23. | | 524.00 |
| 55. श्री एम. पी. एस नय्यर | एच. आई. जी-I एम. आई. जी-34. | | 122.00 |
| 56. श्रीमति रत्ना कसी | एच. आई. जी. -II एल. आई. जी. -55 | | 76.00 |
| 57. श्री अमर नाथ शर्मा | -यथोपरि- | 57 | 76.00 |
| 58. श्री प्रबोध भाटिया | -"- | 76 | 76.00 |
| 59. श्री विक्रम कुमार | एच. आई. जी. फ्लैट नं0 81. | | 68.00 |

**{ख} आवास बस्ती, पालमपुर {बिन्द्रावन}**

| क्रम सं0 | आबंटी का नाम | प्लाट/मकान सं0 | | बकाया राशि,रु0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री वीरेश रिहाजा | कैट-I मकान नं-1 | | 1531.00 |
| 2. | श्री प्रकाश महाजन | -यथोपरि- | 2 | 696.00 |
| 3. | श्रीमति कुसुम शर्मा | -"- | 6 | 3532.00 |
| 4. | श्री जयवीर खोसला | -"- | 7 | 2532.00 |
| 5. | कु0 पवना कौशल | -"- | 8 | 696.00 |
| 6. | डा0 ए.के. सूद | -"- | 9 | 696.00 |
| 7. | श्री के.एस. जसवाल | -"- | 11 | 6741.00 |
| 8. | श्री प्रीतम चन्द | -"- | 12 | 696.00 |
| 9. | श्री यू.एन.शर्मा | -"- | 13 | 3532.00 |
| 10. | श्री रन्जीत कुमार सेरी | -"- | 14 | 1531.00 |
| 11. | श्री धनेश कोहली | -"- | 15 | 696.00 |
| 12. | श्रीमति नीरजा प्रकाश | -"- | 17 | 3532.00 |
| 13. | श्री विनय मितर महाजन | -"- | 18 | 7223.00 |
| 14. | डा0 एम.एल. करवाल | कैट-II मकानसं | 19 | 2333.00 |
| 15. | श्रीमति जैनेश ककारिया | यथोपरि- | 20 | 2009.00 |
| 16. | श्री एस.के.सरोच | -"- | 25 | 871.00 |
| 17. | श्री पी.एस. राना | -"- | 26 | 968.00 |
| 18. | श्रीमति मनोरमा गण्डोत्रा | -"- | 27 | 546.00 |
| 19. | श्री एम.डी. चौधरी | -"- | 28 | 395.00 |
| 20. | श्री प्रीतम सिंह आनन्द | -"- | 31 | 440.00 |
| 21. | कु0 रेणु व श्री राकेश आहुजा, | कैट-II मकान संख्या-34 | | 440.00 |
| 22. | श्री आर.एस. ठाकुर | -यथोपरि- | 35 | 484.00 |
| 23. | जनरल मैनेजर {एच.आर.टी.सी.} | -"- | 36 | 396.00 |

-990-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | श्रीमति हर्ष कक्कड़ | कैट-II मकान नं-38 | | 396.00 |
| 25. | श्री डा० अजय सूद | -"- | 40 | 528.00 |
| 26. | श्री आर.के.सूद | -"- | 41. | 396.00 |
| 27. | श्री वी.के.तारी | -"- | 43 | 1319.00 |
| 28. | श्री वी.के.भाटिया | -"- | 44 | 613.00 |
| 29. | श्री धरमपाल पठानिया | -"- | 47 | 893.00 |
| 30. | श्रीमति शोभा देवी | -"- | 48 | 406.00 |
| 31. | श्री दीपक प्रकाश | -"- | 49 | 2288.00 |
| 32. | डा० एस.एस जोहल | -"- | 56 | 396.00 |
| 33. | श्रीमति शशि गुप्ता | -"- | 60 | 992.00 |
| 34. | श्री डी.डी. नागपाल | -"- | 62 | 406.00 |
| 35. | श्री डी.एल. चोपड़ा | -"- | 63 | 812.00 |
| 36. | श्री हरदयाल शर्मा | कैट-III मकानरी | 66 | 968.00 |
| 37. | श्री रमेश चन्द शर्मा | -यथोपरि- | 70 | 396.00 |
| 38. | श्री टहल सिंह दयोल | -"- | 71 | 440.00 |
| 39. | श्री सिकन्दर चड्ढा | -"- | 73 | 396.00 |
| 40. | श्री आर.एन.सेठ | -"- | 77 | 488.00 |
| 41. | श्रीमति बीना रानी | -"- | 78 | 395.00 |
| 42. | श्रीमति कोयपाल चड्ढा | -"- | 79 | 440.00 |
| 43. | श्री विमल किशोर | -"- | 81 | 396.00 |
| 44. | श्री हर्ष चन्द्र सिंह | -"- | 82 | 1441.00 |
| 45. | श्रीमति राजेश्वरी मट्टू | -"- | 83 | 395.00 |
| 46. | श्री अशोक नय्यर | -"- | 84 | 871.00 |
| 47. | श्री एल.आर.भार्गव | -"- | 85 | 396.00 |
| 48. | श्री ओ.पी. शर्मा | -"- | 87 | 3961.00 |
| 49. | श्रीमति पूनम चौधरी | -"- | 88 | 3992.00 |
| 50 | श्री आर.के गुप्ता | -"- | 89 | 404.00 |
| 51. | श्री ओ.पी. सिंह | -"- | 90 | 2009.00 |
| 52. | श्रीमति मन्जीत रियालय | -"- | 91 | 519.00 |
| 53 | श्री ओ.पी.खुराना | -"- | 92 | 396.00 |
| 54. | श्री एस.के.हरीश | कैट-II मकान नं० | 39 | 528.00 |

## आवास बस्ती, पालमपुर, (होल्टा)

| क्रम संख्या | अलाट आवंटी का नाम | प्लाट / मकान संख्या | बकाया राशि (रुपये) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्री देविन्द्र सूद | एच. आई जी, फ्लैट नं० - 4 | 3,502-00 |
| 2. | श्री एस. सी. व्यास | — यथोपरि — 6 | 11,954-00 |
| 3. | श्री गेंडा लाल बंसल | एम. आई.जी. फ्लैट नं० - 8 | 3864-00 |
| 4. | श्री मति आशा बंसल | एच. आई.जी फ्लैट नं० - 9 | 3,219-00 |
| 5. | श्री राजेन्द्र सिंह | एम०. आई०. जी० . फ्लैट - 12 | 3,219-00 |
| 6. | श्री चरन्जी लाल शर्मा | — यथोपरि — 12-ए | 953-00 |
| 7. | श्री नवीन कुमार वालेचा | — ,, — 16 | 2,323-00 |
| 8. | श्री दीपक सूद | — ,, — 17 | 953-00 |
| 9. | श्रीमति प्रोमिला कंवर | — ,, — 19 | 1,915-00 |
| 10. | श्री मति आदर्श | — ,, — 20 | 10,661-00 |
| | श्री मति जगदम्बा देवी | — ,, — 38 | 1,430-00 |
| | डा० के०. के० परमार | — ,, — 52 | 19,763-00 |
| | श्री मति प्रोमिला सूद | एच०. जी०. पी०. - 53 | 297-00 |
| | श्री रामप्रकाश नागपाल | — यथोपरि — 55 | 1,722-00 |
| | श्री आर०. सी० गुप्ता | — ,, — 56. | 14,341-00 |
| | श्रीमति जय देवी | एल०. आई०. जी०. पी० - 57 | 1,080-00 |
| | श्री मति विमला कटोच | — यथोपरि — 59 | 2,206-00 |
| | ओ०डी०पी०टिंग डाइरेक्टर (एस आई आर) पालमपुर | एम आई जी. एच 21 से 31 | 2,19,030-00 |
| | अग्निफल्ला (जी एन आर) (जागपी पी डब्ल ड़ी) | — ,, — 39, 40 व 42 | 94,631-00 |

| ...ी का नाम | प्लाट / मकान संख्या | बकाया राशि (रुपये) |
| --- | --- | --- |
| ...पी. सी. कटोच | एम. आई. जी. एच — 43. | 650-00 |
| ...डीनियां डाईरैक्टर ...आई. आर्स पालमपुर | — पपीपारी — 44. | 32,770-00 |
| ...र. पी. एस बाटवाल | — ,, — 46 | 31,417-00 |
| ...र (सी० एस० आई० आर०) (जे० एस के०) | — ,, — 47 व 48 | 60,316-00 |
| ... शिमला / सूद | — ,, — 32 | 1,576-00 |
| ... चन्द्रकान्ता | — ,, — 35 | 20,885-00 |
| ...अभियन्ता (बी व आर) ...च पी पी डब्लु डी) | एच. जी. एच 65 से 68. | 54,582-00 |
| ...र सिंह | — पपीपारी — 81 | 4,555-00 |
| ...आर०. के० सूद | — ,, — 84 | 653-00 |
| ...र (सी एस आई आर) ...जे०. एस. के.) | — ,, — 87, 88, 90 से 93 | 85,900-00 |
| ...अभियन्ता (बी एवं आर) ...एच पी पी डब्लु डी) | एच. आई. जी. एच 2 व 3 | 73,532-00 |
| ... मीरा बरमानी | एच० आई० जी० कोटला — 73 | 2,958-00 |
| ...र चन्द सूद | — पपीपारी — 75 | 260-00 |

सुमेल (i) आवास बस्ती कांगड़ा — 2,03,110-00

(ii) आवास बस्ती पालमपुर (विन्ध्याचल + हैलान) — 8,33,892-00

कुल योग — 10,11,33[illegible]-00

## 7. स्टाफ अग्रिम की अत्यधिक हस्तगत राशी का रखा जाना :-

स्टाफ अग्रिम रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि निम्न लिखित अधिकारीयों / कर्मचारीयों द्वारा प्रत्येक मास के अन्त में भारी मात्रा में स्टाफ अग्रिम की राशीयाँ अपने पास शेष रखी गई थी। इसके अतिरिक्त इन अधिकारीयों को स्टाफ अग्रिम के रूप में और राशीयाँ स्वीकृत की जाती रही, जो कि एक गम्भीर अनियमितता तथा लापरवाही का मामला है। इस अनियमितता के फलस्वरूप प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी के पास निम्न विवरणानुसार भारी मात्रा में राशीयाँ शेष पड़ी रही। यह गम्भीर अनियमितता उच्च अधिकारीयों के ध्यानार्थ शीघ्र उचित कार्यवाही हेतु लाई जाती है।

(1.) सहायक अभियन्ता धर्मशाला,

| मास | डेबिट | क्रेडिट | मास के अन्त में हस्तगत शेष राशि |
|---|---|---|---|
| 4/99 | 77,173-00 | 45,154-00 | 32,019-00 |
| 5/99 | 31,433-00 | 57,915-00 | 5,537-00 |
| 6/99 | 70,000-00 | 68,855-00 | 6,682-00 |
| 7/99 | 70,000-00 | 70,187-00 | 6,195-00 |
| 8/99 | 60,415-00 | 66,202-00 | 438-00 |
| 9/99 | 73,217-00 | 67,905-00 | 5,750-00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1/2000 | 2,721-00 | 1,13,110-00 | 26,754-00 |
| 2/2000 | 1,09,689-00 | 1,04,884-00 | 31,559-00 |

(3) <u>सहायक अभियन्ता, चम्बा</u>

| मास | डेबिट | क्रेडिट | माह के अन्त में हस्तशेष राशि |
|---|---|---|---|
| 4/99 | 54,000-00 | 38,710-00 | 15,290-00 |
| 5/99 | 45,000-00 | 34,471-00 | 25,819-00 |
| 6/99 | 50,000-00 | 68,738-00 | 7,081-00 |
| 7/99 | 50,000-00 | 55,172-00 | 1,909-00 |
| 8/99 | 57,000-00 | 58,094-00 | 815-00 |
| 9/99 | 60,000-00 | 59,849-00 | 966-00 |
| 10/99 | 76,000-00 | 76,153-00 | 813-00 |
| 11/99 | 68,000-00 | 63,207-00 | 5,606-00 |
| 12/99 | 64,000-00 | 56,547-00 | 13,059-00 |
| 1/2000 | 77,500-00 | 68,304-00 | 22,255-00 |
| 2/2000 | 75,000-00 | 82,850-00 | 14,405-00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10/99 | 71,802-00 | 56,052-00 | 21,500-00 |
| 11/99 | 80,000-00 | 70,728-00 | 30,772-00 |
| 12/99 | 27,340-00 | 56,080-00 | 2,032-00 |
| 1/2000 | 75,840-00 | 68,757-00 | 9,115-00 |
| 2/2000 | 68,615-00 | 77,520-00. | 210-00 |

(3.) <u>सहायक अभियन्ता, पालमपुर</u>

| मास | डेबिट | क्रेडिट | माह के अन्त में हस्त शेष राशि |
|---|---|---|---|
| 4/99 | 1,01,044-00 | 71,629-00 | 29,415-00 |
| 5/99 | 97,069-00 | 88,283-00 | 38,201-00 |
| 6/99 | 1,00,986-00 | 1,01,422-00 | 37,765-00 |
| 7/99 | 94,685-00 | 98,597-00 | 33,853-00 |
| 8/99 | 91,177-00 | 1,07,806-00 | 17,224-00 |
| 9/99 | 1,38,091-00 | 1,10,014-00 | 45,301-00 |
| 10/99 | 1,07,870-00 | 1,00,693-00 | 52,478-00 |
| 11/99 | 1,27,001-00 | 1,22,431-00 | 57,048-00 |
| 12/99 | 1,72,772-00 | 92,347-00 | 1,37,473-00 |

(4) श्री वी० के० नारायण, कं० अभियन्ता :-

| मास | डेबिट | क्रेडिट | माह के अन्त में हस्तशेष राशि |
|---|---|---|---|
| | | | 40,055-00 |
| 4/99 | 15,000-00 | — | 55,055-00 |
| 5/99 | 17,000-00 | — | 72,055-00 |
| 6/99 | 14,000-00 | — | 86,055-00 |
| 7/99 | 14,000-00 | — | 1,00,055-00 |
| 8/99 | 17,000-00 | 68,399-00 | 48,656-00 |
| 9/99 | 17,000-00 | — | 65,656-00 |
| 10/99 | 17,000-00 | — | 82,656-00 |
| 11/99 | 10,000-00 | 36,820-00 | 55,836-00 |
| 12/99 | 20,000-00 | 41,152-00 | 34,684-00 |
| 1/2000 | 30,000-00 | — | 64,684-00 |
| 2/2000 | 20,000-00 | — | 84,684-00 |
| 3/2000 | 10,000-00 | 85,382-00 | 9,302-00 |

(5) श्री वी.के. अवस्थी द्वारा प्रत्येक माह के अन्त में अत्यधिक मात्रा में स्टाफ अग्रिम की राशि अपने पास रखने के बावजूद स्टाफ अग्रिम के रूप में और राशियाँ स्वीकृत की जाती रही। नियमानुसार अगले स्टाफ अग्रिम की राशि तभी स्वीकृत की जा सकती है जब तक पहले स्वीकृत स्टाफ अग्रिम की राशि का समायोजन न कर लिया जाए। इस प्रकार से माह 7/99 तक कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा कुल 100055.00 रु० की स्टाफ अग्रिम की राशि को अनावश्यक रूप से रखा गया। जबकि निम्न विवरणानुसार वर्ष के आरम्भ में उक्त अधिकारी/कर्मचारी के पास कुल 40055.00 रु० की राशि हस्तगत शेष थी। माह 4/99 से 7/99 तक कर्मचारी को अनावश्यक रूप में क्रमशः 15,000.00, 17,000.00, 14,000.00 व 14000.00 रु० स्वीकृत किए गए। इस प्रकार से इस सम्पूर्ण राशि का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है। तथा उक्त कर्मचारी द्वारा अग्रिम सम्बन्धी नियमों की अवहेलना की गई। अतः इस अनियमितता को भविष्य में रोकने हेतु उचित कार्यवाही की जाए।

| माह | माह के आरम्भ में स्वीकृत की गई राशि। | माह के दौरान समायोजित राशि। | माह के अन्त में हस्त शेष |
|---|---|---|---|
| 3/99 | ------ | ------- | 40,055.00 |
| 4/99 | 15,000,00 | ----- | 55,055.00 |
| 5/99 | 17,000.00 | ----- | 72,055.00 |
| 6/99 | 14,000.00 | ----- | 86,055.00 |
| 7/99 | 14,000.00 | ----- | 1,00,055.00 |
| कुल | 60,000.00 | ----- | 1,00,055.00 |

8. भण्डार एवं स्टाक लेखे सम्बन्धी :-

पुलिस हाउसिंग स्कीम के 36 अदद मकान कार्य हेतु श्री अशोक ठाकुर ठेकेदार को इन्डेन्ट संख्या 464 माह 4/99

में 20 मिलीमीटर ए एम.एम. टोर स्टील जारी करने की प्रविष्टि संविदाकार खाते में दर्ज नहीं की गई थी परन्तु अंकेक्षण में न तो उक्त इन्डेंट ही उपलब्ध करवाया गया तथा न ही बिन कार्ड जारी मात्रा की पुष्टि में उपलब्ध करवाया गया जिसे आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें ।

9: बिन बिन कार्डों में गलत गणना के फलस्वरूप एक एम.टी. टोर स्टील का दर्शाना :-

---

(1) उपमण्डल पालमपुर के बिन कार्ड संख्या 219 के अनुसार दिनांक 21.01.2000 को 1000 एम.टी. टोर स्टील जारी किया गया। इस प्रकार इस बिन कार्ड में 19.83 एम.टी. शेष मात्रा दर्शायी जानी अपेक्षित थी परन्तु लेखा परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बिन कार्ड में केवल 18.83 एम.टी. टोर स्टील शेष दिखाई गई। इस प्रकार से एक मीट्रिक टन टोर स्टील गणना में कम दर्शाई गई प्रतीत होता है । इस सम्पूर्ण प्रकरण की यह जाँच की जाए कि क्या उक्त स्टील की एक मीट्रिक टन की मात्रा कहीं अन्य निर्माण कार्य को जारी तो नहीं की गई है अन्यथा उक्त एक एम.टी. टोर स्टील की 17,441.00 (सतरह हजार चार सौ इकतालीस) रु0 प्रति एम.टी. की दर से कुल 17441.00 रु0 की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए।

(2) जी.आर. संख्या 2169 दिनांक 15.8.99 तथा 2170 दिनांक 15.8.99 द्वारा क्रमशः 0.050 एम.टी. तथा 0.322 एम.टी. टोर स्टील 8 एम.एम. प्राप्त किया गया दर्शाया गया है। जिसकी कुल कीमत 17,807 रु0 की दर से कुल 6624.20 रु0 बनती है। उक्त जी.आर. द्वारा प्राप्त स्टील को बिन कार्ड के प्राप्ति में दर्शाया जाना अपेक्षित था परन्तु अंकेक्षण के दौरान सम्बन्धित बिन कार्ड पुष्टि हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिसे आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाए कि उक्त जी.आर. से प्राप्त स्टील को मण्डलीय खातों में किस प्रकार समायोजित किया गया है ।

-107-

**§3§ बिन कार्ड में गलत गणना के परिणाम स्वरूप 20 रनिंग मी. पाईप का कम दर्शाया जाना :5**

उपमण्डल पालमपुर के स्टाक रजिस्टर वर्ष 1999-2000 से सम्बन्धित बिन कार्ड संख्या 222 के अवलोकन पर पाया गया कि इन्डैन्ट संख्या 195 दिनांक 18.9.99 द्वारा 30 रनिंग मी. पाईप साईज 150 एम.एम. निर्माण कार्य हेतु जारी की गई।

उपरोक्त पाइप को जारी करने से पहले बिन कार्ड में इसकी शेष मात्रा 50 रनिंग मी. थी तथा इसमें से 30 रनिंग मी. जारी करने के पश्चात इसकी शेष मात्रा 20 रनिंग मी. बिन कार्ड में शेष दर्शाई जानी थी परन्तु इसकी शेष मात्रा को शुन्य दर्शाने से 20 रनिंग मी. पाईप का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है । जिसकी 94.00 रु0 प्रति रनिंग मी. की दर से 1880.00 रु0 की वसूली दोषी कर्मचारी से करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से विभाग को अवगत किया जाए ।

§4§ आवास बोर्ड मण्डल के अधीनस्थ उप मण्डल पपरोला पालमपुर के इण्डेंट/ मांग पत्रों के द्वारा निम्न कार्यों को जारी की गई सामग्री को कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अपने एम.ए.एस. रजिस्टरों में दर्ज किया दर्शाया गया परन्तु अंकेक्षण को इन एम.ए.एस. रजिस्टरों को उपलब्ध न करवाने के कारण इन अभिलेखों की शेष मात्रा की पुष्टि नहीं की जा सकी। जिसे आगामी अंकेक्षण में उपलब्ध करना सुनिश्चित किया जाए।

| इन्डैन्ट सं0 | दिनांक | कार्य का नाम | जारी की गई सामग्री का नाम. | एम.ए.एस.पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| ए.यू/1001-के | 6.3.2000 | एस.एफ.एस.- विज्ञापन फेज-2. | 400 बोरी सीमेन्ट | 2. |
| ऐयू/1004 | 23.3.2000 | यथोपरि | 2.00मी.टन स्टील 1.940 मी.ट. | 2 |

-108-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 185 | 15.7.1999 | जे.एन.वी. पपरोला डिवेलपमेन्ट आफ साईट. | 20 रैनिंग मी. पाईप 150 एम.एम. | 6 |

**{5} भण्डार एवं स्टाक लेखे चम्बा :-**

आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला के उप मण्डल चम्बा में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों पर संविदाकारों को भण्डारण से सामग्री जारी की गई थी। स्टाक लेखों की पड़ताल पर पाया गया कि इन्डेन्ट/मांग पत्र संख्या 309 दिनांक 7.4.99 के द्वारा पुलिस क्वार्टर सलोणी के निर्माण कार्य हेतु 10 एम.एम. व 16 एमएम. टोर स्टील की कुल मात्रा 275 मी.ट. व 430 मी.ट. जारी की गई परन्तु बिन कार्ड सं0 144 एवं 145 की जांच पर पाया गया कि उक्त दर्शाई गई मात्रा को दो बार घटा कर शेष मात्रा दर्शाई गई है। उक्त स्टील यदि कहीं अन्यथा जारी की गई है तो सम्बन्धित अभिलेख आगामी निरीक्षण में प्रस्तुत किया जाए। अन्यथा दोहरी मात्रा में निकाली गई सा सामग्री का भण्डारण लेखे में अन्त शेष का सही अवलोकन न करने के कारण अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रकट नहीं करती । दोहरी मात्रा में सामग्री के निकाले जाने का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| बिन कार्ड नं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | क्रय दर | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 144 | 10 एमएम. टोर स्टील | 0.275 मी.टन | 16817.00 मी.टन | 4624.67 |
| 145 | 16 एमएम. टोर स्टील | 0.430 मी.टन | 16225.00 | 6976.75 |
| | | | योग | 11601.42 |

**{6} पी. एस.एफ,एस, विन्द्रावन फेज-II निर्माण कार्य 17 अदद कैटागरी-II तथा 19 अदद कैटागरी-III मकानों का निर्माण।**

उपरोक्त निर्माण कार्य के एम.ए.एस. सं0 55 की जाँच के दौरान पाया गया कि माह 3/2000 के दौरान

12 एम.एम. सरिया का केवल 2.167 एम.टी. सरिया ही स्टाक में शेष था। माह 3/2000 के दौरान माप पुस्तिका संख्या 1040/99 पृष्ठ संख्या 27 के अनुसार 2.405 एम.टी., 12 एमएम सरिया का सरिया निर्माण कार्य पर इस्तेमाल किया गया दर्शाया गया।

उपरोक्त विवरण से विदित होता है कि जब स्टाक में केवल 2.167 एम.टी. सरिया ही शेष था तो निर्माण कार्य पर स्टाक में शेष सरिये से अधिक अर्थात 2.405 एम.टी. सरिये का दर्शाया गया उपयोग/खपत संदिग्ध प्रतीत होती है। अतः अनिय-मित रूप से दर्शाए गए सरिये की खपत की विभागीय तौर पर छान बीन करके अधिक भुगतान की गई राशि की सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता से शीघ्र वसूली की जाए तथा अनुपालना की जाँच आगामी अंकेक्षण पर करवाई जाए।

10. सरकार द्वारा स्वीकृत दर संविदा की अवहेलना करके सीमेन्ट की खरीद हि0प्र0 सिविल सप्लाई निगम शिमला के माध्यम से सीधे सीमेन्ट फैक्टरी, बरमाणा से करने के बजाए सिविल सप्लाई कारपोरेशन के स्थानीय डिपुओं से करने के कारण आवास बोर्ड को वर्ष 1999-2000 के दौरान कुल 13,090/-रु0 की हानि :-

वर्ष 1999-2000 के लेखाओं की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि आवास बोर्ड मण्डल धर्मशाला द्वारा सीमेन्ट की खरीद हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई कारपोरेशन शिमला के माध्यम से सीधे सीमेन्ट फैक्टरी बरमाणा से करने के बजाए कुछ मामलों में निम्न विवरणानुसार सिविल सप्लाई कारपोरेशन के स्थानीय डिपुओं से भी की जाती रही है। अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि सिविल सप्लाई निगम के स्थानीय डिपुओं से क्रय किए गए सीमेन्ट में से कुल 13,090/-रु0 की अदायगी निम्न विवरणानुसार अधिक करनी पड़ी। क्योंकि नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से सीधे सीमेन्ट फैक्टरी बरमाणा से सीमेन्ट की आपूर्ति अपेक्षाकृत सस्ती है। अतः सीमेन्ट की खरीद फैक्टरी बरमाणा से करने

के बजाए सिविल सप्लाई कारपोरेशन के स्थानीय डिपुओं से करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इस गलत क्रय नीति से न केवल आवास बोर्ड को हानि हो रही है अपितु निर्माणाधीन भवनों की लागत में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

उप मण्डल पालमपुर

| क्रम सं0 | जी.आर.सं0 | दिनांक | खरीदे गए सीमेन्ट की मात्रा। | दर प्रति बोरी रु0. | सीधे क्रय किए गए सीमेन्ट की दर प्रति बोरी. | कुल अधिक भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2179 | 29.10.99 | 200बोरी | 146.00 | 139.95 | 1230.00 |
| 2. | 2180 | 2.11.99 | 200 बोरी | 150.95 | 139.95 | 2200.00 |
| 3. | 2192 | 7.2.2000 | 200 बोरी | 147.30 | 139.95 | 1470.00 |
| 4. | 2188 | 20.1.2000 | 200बोरी | 147.30 | 139.95 | 1470.00 |
| 5. | 2186 | 20.12.99 | 200बोरी | 147.25 | 139.95 | 1460.00 |
| 6. | 2185 | 14.12.99 | 200 बोरी | 153.10 | 139.95 | 2630.00 |
| 7. | 2184 | 6.12.99 | 200 बोरी | 153.10 | 139.95 | 2630.00 |
| | | | | | | 13,090.00 |

11. वा0सं0 1122113 दिनांक 18.2.2000

अनुबन्ध संख्या: 23 वर्ष 1998-99.

निर्माण कार्य का नाम:- 6 नं0 टाईप-I क्वाटर पालमपुर,
6 नं टाईप-I क्वाटर बैजनाथ

संविदाकार का नाम:- भरत कपूर

बिल संख्या:- तीसरा चलित बिल।

रु0 15,090/-रु0 का दो बार माप डालकर अधिक भुगतान :-

अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1998-99 के पैरा-8 के निपटारे से सम्बन्धित की गई अनुपालना का अवलोकन करते समय यह पाया गया कि संविदाकार से राशि 59980.00 रु0 की वसूली द्वितीय चलित बिल से कर ली गई थी। परन्तु इसी निर्माण कार्य के

.....27...

तीसरे चलित बिल की माप पुस्तिका सं0 975/98 पृष्ठ 99 के अवलोकन पर पाया गया कि 20.12 वर्ग मीटर मात्रा "फिक्स्ड स्टील विन्डो" की पैमाइश को पालमपुर एवं बैजनाथ के उक्त निर्माणाधीन कार्य की पहले निम्न प्रकार से दोनों स्थानों की मात्रा सम्मिलित करके तथा तत्पश्चात बैजनाथ की अलग मात्रा दर्शाकर गलत माप प्रविष्टि करने के कारण कुल 20.12 वर्ग मीटर मात्रा दर 750.00 रु0 के अनुसार कुल 15090.00 रु0 का अधिक भुगतान कर दिया गया ।

माप पुस्तिका पर की गई रिकार्ड प्रविष्टि का विवरण निम्न था :-

(ए) पालमपुर एवं बैजनाथ
डब्ल्यू 12×0.82×1.11= 10.92
डब्ल्यू1 12×0.38×1.11= 5.06
डब्ल्यू2 12×0.38×0.91= 4.14
कुल 20.12 वर्ग मी.

(बी) बैजनाथ
डब्ल्यू 12×0.82×1.11= 10.92
डब्ल्यू1 12×0.38×1.11= 5.06
डब्ल्यू2 12×0.38×0.91= 4.14
कुल 20.12 वर्ग मी.

ए+बी=कुल योग=40.24 वर्ग मी. जब कि यह रिकार्ड प्रविष्टियां निम्न प्रकार से की जानी अपेक्षित थी :-

बैजनाथ
डब्ल्यू 6×0.82×1.11= 5.46
डब्ल्यू1 6×0.38×1.11= 2.53
डब्ल्यू2 6×0.38×0.91= 2.07
10.06 वर्ग मी.

पालमपुर
डब्ल्यू 6×0.82×1.11= 5.46
डब्ल्यू1 6×0.38×1.11=2.53
डब्ल्यू2 6×0.38×0.91=2.07
10.06 वर्ग मी.

योग:- 10.06+10.06=20.12 वर्ग मी .

उपरोक्त तथ्यों से विदित होता है कि अधिक

द्वारा अधिक भुगतान की गई राशि को प्रथम बिल के अनुसार निर्दिष्ट करने पर द्वितीय चलित बिल में अधिक भुगतान की गई राशि की कटोती तो कर ली गई परन्तु तीसरे चलित बिल में इस अनियमितता की अन्य मदों में पुनरावृति करके दोबारा अधिक भुगतान कर दिया गया जिससे यह प्रतीत होता है कि एक बार तो आडिट द्वारा निर्दिष्ट अधिक भुगतान की राशि की कटोती तो कर ली गई वहीं दूसरी ओर अगले चलित बिल में पुनः गलत माप लगाकर अधिक भुगतान का प्रयास किया जाता है जो कि इस मामले में गम्भीर अनियमितता है। अतः बोर्ड के उच्चाधिकारियों के ध्यान में तुरन्त आगामी कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। ताकि इस प्रकार के दोहरे भुगतान की पुनरावृति न हो सके।

12. वा०सं०-49-50 दिनांक 21.9.99 राशि 128218.60 रु०

अनुबन्ध संख्या:- 22 वर्ष 1998-1999

कार्य का नाम :- पुलिस हाउसिंग स्कीम हि०प्र० 6 अदद टाईप नं-1 निर्माण नगरोटा बगवां.

बिल संख्या:5 तीसरा चलित बिल

माप पुस्तिका :- 890/99-पृष्ठ 61 से 70 तक

उपरोक्त कार्य का आबंटन निर्माण मण्डल धर्मशाला के कार्यालय पत्र सं० सी.सी./एच.बी/डब्ल यू-7/98-3164-70 दिनांक 12.11.98 द्वारा संविदाकार श्री के.सी.धीमान को किया गया। निर्माण कार्य के चलित बिल की जांच पर पाया गया कि विभाग द्वारा निम्न मद जो अतिरिक्त मद के रूप "

ऐक्सावायेशन इन अर्थ वर्क विथ फिलिंग इन 15 से.मी. लेयर इन फाउण्डेशन एवं पीटान्थ/रेमिंग/ड्रेसिंग--अप टू लीड आफ 20 कि.मी. लीफ्ट अप टू 150 कि.मी.-- में करवाया गया।

उपरोक्त विवरण से विदित होता है कि इस निर्माण कार्य हेतु नींव में मिट्टी की भराई के लिए मिट्टी की ढुलाई अत्यन्त

दूरी अर्थात 20 कि.मी. से दर्शाई गई है। इस मद हेतु तृतीय चलित बिल तक संविदाकार को 57.88 घन मी. मात्रा हेतु 225.00 रु0 पार्ट दर [पूर्ण दर 230/-रु0] से राशि 13023.00 रु0 का भुगतान किया गया। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित टिप्पणियाँ की जाती है :-

[1] इस निर्माण कार्य के अनुबन्ध की मद सं0 1 के अनुसार मिट्टी की कटाई का कार्य तथा अनुबन्ध की मद संख्या 2 के अनुसार 97.48 घन मी. कार्य नींव की खुदाई से सम्बन्धित निपटाया जाना अपेक्षित था। तृतीय चलित बिल की मद संख्या 2 के अनुसार मिट्टी की खुदाई से सम्बन्धित 68.103 घन मी. कार्य का निष्पादन भी हो चुका था। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि कार्य स्थल पर अत्यन्त मात्रा में मिट्टी उपलब्ध होने के कारण 20 कि.मी. की दूरी से मिट्टी की ढुलाई करवाना व भुगतान करना तथ्यों के विपरीत प्रतीत होता है। यह गम्भीर अनियमितता उच्च अधिकारियों के शीघ्र जाँच एवं कार्यवाही हेतु लाई जाती है।

[2] निर्माण कार्य में इस मद का दर निर्धारण भी अनुबन्ध की मद सं0 1 एवं 2 के प्रीमियम के मानक दर सूची की दर पर जोड़ कर निम्न प्रकार से किया गया :-

[बी]-पिक वर्क

मानक दर सूची मद नं. 7.6.[बी]

दर=10.45 रु0[ए]

मिट्टी की ढुलाई पर खर्च अप टू 20 कि.मी.

मानक दर मद सं0 8-1[ए][2]

मेकनिकल ट्रांसपोर्टेशन दर 5 कि.मी. तक 34.45 प्रति घन मी.

5 कि.मी. से 10 कि.मी. दूरी तक 2.45 प्रति

घन मी. = 12.25

10 कि.मी. से 20 कि.मी. की दूरी तक 1.90 रु0 प्रति घन मी. = 19.00

65.70

+[ए] 10.45

76.15 रु0 प्रति घन मी.

-115-

सीमोलर अनुबन्ध के मद सं0 1 एवं 2 के लिए

संविदाकार द्वारा भरी गई दर (1) 50.00
(2) 60.00
110.00

मा. दर सूची-7.1(बी)व (सी)
शेड्यूल दर = 14.30 प्रति घन मी.
= 14.30+22.12=36.42

अब दर निर्धारण = 76.15+202.30 प्रतिशत
= 230.00 रु0 घन मी.

अनुबन्ध की मद सं0 1 और 2 के अनुसार कार्य स्थल पर खोदी गई मिट्टी को किसी भी दूरी तक फैला जाना सम्मिलित था। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत इस मद का निर्धारण नियमानुसार किया जाना अपेक्षित था :-

मानक दर सूचि की मद सं0 7.6(बी) के अनुसार दर=10.45 प्र.घ.मी.
अनुबन्ध की मद सं0 1 व 2 के ऊपर प्रीमियम =
202.03 प्रतिशत.
अर्थात= 21.10
31.55 रु0 प्रति घ.मी.

